**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3106**

06 दिसम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

**व्यापक हथकरघा विकास कार्यक्रम**

**3106. डॉ० संजीव कुमार शिंगरी:**

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गत चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बृहद हथकरघा विकास कार्यक्रम (सी०एच०डी०पी०) ने लगभग 2,96,809 लाभार्थियों को कवर किया है तथा 215.63 करोड़ रुपए की निधि जारी की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं तथा सी०एच०डी०पी० हेतु कुल हथकरघा बुनकरों में से केवल 14 प्रतिशत बुनकरों पर विचार के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा बुनकरों को लाभ प्रदान करने हेतु व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क) से (ग):** व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) 5 वर्ष की अवधि में 40.00 करोड़ रुपये तक के भारत सरकार के अंशदान के साथ कम से कम 15,000 हथकरघों वाले स्पष्ट रूप से अभिज्ञात भौगोलिकीय स्थानों में मेगा हथकरघा क्लस्टरों के विकास के लिए लक्षित की गई है। नैदानिक अध्ययन, कच्ची सामग्री के संग्रह जैसे संघटकों को पूर्णत भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है जबकि भारत सरकार द्वारा लाइटिंग इकाइयों, करघों एवं सहायक सामान के प्रौद्योगिकी उन्नयन जैसे संघटकों को 90% वित्तपोषित किया जाता है। डिजाइन स्टूडियों/विपणन कॉम्पलेक्स/गारमेंटिंग यूनिटों/विपणन विकास, निर्यातों के लिए वित्तीय सहायता और प्रचार-प्रसार आदि जैसे अन्य संघटकों को भारत सरकार द्वारा 80% की सीमा तक वित्तपोषित किया जाता है।

संबंधित वार्षिक बजटों में माननीय वित्त मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुसरण में 8 मेगा क्लस्टरों का विकास किया गया है यथा वारणासी (उत्तर प्रदेश), सिवसागार (असम), विरूद्धनगर (तमिलनाडु), मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल), प्रकासम एवं गुंटूर जिले (आंध्र प्रदेश), गोड्डा एवं निकटवर्ती जिले (झारखंड), भागलपुर (बिहार) तथा त्रिची (तमिलनाडु)। सीएचसीडीएस के तहत पिछले चार वित्तीय वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान विभिन्न मध्यस्थताओं के लिए लगभग 1.75 लाख हथकरघा बुनकरों को शामिल किया गया है जिसके लिए 131.91 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

इसके अलावा, पिछले चार वित्तीय वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान विभिन्न मध्यस्थताओं के लिए राज्य सरकारों से प्राप्त अर्थक्षम प्रस्तावों के आधार पर राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत पूरे देश में 294 ब्लॉक स्तरीय क्लस्टर (बीएलसी) स्वीकृत किए गए हैं जिसमें लगभग 1.6 लाख हथकरघा बुनकरों को शामिल किया गया है जिसके लिए 165.99 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

*******